<u>तत्काल</u>

सं. डब्लू-11031/05/2011-जल (भाग)
भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

9वाँ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003
दिनांक 02 जुलाई, 2014

सेवा में,
प्रधान सचिव/सचिव
महाराष्ट्र/पंजाब/राजस्थान/उत्तराखंड/पश्चिम बंगाल/तमिलनाडु/उड़ीसा/मेघालय/आंध्र प्रदेश/केरल/कर्नाटक राज्यों के ग्रामीण जलापूर्ति के प्रभारी

विषय :- राज्यों के आरडब्लूएस के संबंध में विश्व बैंक/जेआईसीए द्वारा संचालित परियोजनाओं की स्थिति।

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के माननीय मंत्री जी ने आपके राज्य के विश्व बैंक/जेआईसीए द्वारा संचालित परियोजनाओं की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की है। अत: अनुरोध है कि निम्नलिखित विषयों पर आवश्यक जानकारी दिनांक 05.07.2014 तक फैक्स अथवा ई-मेल द्वारा rajeshkumar2.ofb@ofb.gov.in पर भेजी जाए:

i. स्कीमों की मुख्य विशेषताएँ;
ii. वित्तीय तथा प्रचालन सहित सभी पहलुओं के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी/एजेंसियों की भागीदारी का स्वरूप;
iii. किसी भी पक्ष की ओर से संबंधित शर्तें;
iv. एजेंसी की भागीदारी के कारण उपयोगिता की दृष्टि से कोई लाभ, यदि कोई हो तो;
v. अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी के पीछे हटने पर स्कीम की भावी संभावनाएं।

इसे <u>अति तत्काल</u> समझा जाए।

भवदीय

Rajesh

(राजेश कुमार)
निदेशक (जल)